<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक– 03.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा तीन दिनों के लिए स्थगित करने का दिया आदेश, नियमावली की समीक्षा का निर्देश, अब तक हो चुकी है 12 अभ्यर्थियों की मौत।
2. भर्ती के दौरान मृत अभ्यर्थियों के परिजनों को एक–एक लाख रुपये देगी भाजपा, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– सरकार दे 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी।
3. झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर आदर्श व्यवस्था अपनाने पर सहमति, आजसू पार्टी और जदयू के साथ शीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर किया पलटवार, कहा– केन्द्र के कामकाज को देख रही है जनता, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी भाजपा और चंपाई सोरेन पर साधा निशाना।
5. मौसम विभाग ने रांची, दुमका और देवघर समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट किया जारी।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया अगले तीन दिनों तक के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलते ही पुलिस मुख्यालय ने पांच सितंबर तक सभी केन्द्रों पर होने वाली भर्ती की शारीरिक परीक्षा स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया। उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए भर्ती नियमावली की समीक्षा करने और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के निर्देश दिये हैं।

**********************

उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान मृत अभ्यर्थियों के परिजनों को भाजपा एक–एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने इन मौतों के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए पीड़ित परिवारों को 50–50 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की।

**********************

झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर आदर्श व्यवस्था अपनाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही इस माह पार्टी की ओर से शुरु होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। बैठक के बाद पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर आजसू पार्टी और जदयू से बातचीत जारी है।

**********************

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर भाजपा के साथ ही आजसू पार्टी भी हमलावर दिख रही है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में सांसद सीपी चौधरी ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकार रुचि नहीं ले रही है। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन गिरिडीह जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार के कामकाज को देश देख रहा है और जवाब भी दे रहा है। अपने परिवार के साथ ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजिरी लगाने अजमेर पहुंचे श्री सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्षी पार्टी होने के नाते भाजपा के नेता राज्य सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं।

*********************

इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता ने झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर तंज कसा है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पांच महीने जब वे मुख्यमंत्री रहे तो उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठ नजर नहीं आया लेकिन अब वे इस मुद्दे को हवा देने लगे हैं।

*********************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर संतोष कोलकुंडा को वार रूम का चेयरमैन मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने बताया कि संतोष कोलकुंडा मूल रूप से तेलंगाना राज्य के हैं और वर्तमान में अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव पद पर हैं।

*********************

चतरा जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आम जनता और पुलिस के बीच विश्वास बहाल करने में कारगर साबित हो रहा है।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा कोयलांचल और संताल के इलाके में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच सितंबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश की संभावना है।

*********************

पेरिस पैरालिंपिक के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण समेत सात पदक हासिल किये। सुमित अंतिल ने भाला फेंक और नितेश कुमार ने बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया।

Commented [h1]:

*********************